प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में कर रहे हैं चुनावी रैलियां।
2. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये आज विभिन्न प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन : इस चरण के लिये 19 अप्रैल तक किये जा सकेंगे नामांकन।
3. रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा क लिये जिला प्रशासन और श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा की जा रही है विशेष व्यवस्थाएं।

और

4. मुजफ्फरनगर में रविवार को हुए हादसे के बाद 11 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 19 मजदूरों को बचाया गया, दो की हुई मौत।

—————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पार्टी के प्रदेश

कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी की संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार को खत्म करने की घोषणा की गई है।

उधर, बसपा प्रमुख मायावतो ने आज मुरादाबाद और पीलीभीत के बीसलपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बजाय बसपा जनता के हित में काम करने में भरोसा करती है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतियों की पार्टी है। उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह धर्म और जाति के नाम पर प्रदेश को बांटने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने बसपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज मुजफ्फनगर में चुनावी जनसभा में कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण में यूपी में भाजपा का सफाया कर देगी, क्योंकि भाजपा के शासनकाल में सभी वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा अब गारंटी की बात कर रही हैं, उनकी गारंटी फेल साबित होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि

समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनने पर अग्नि वीर व्यवस्था समाप्त की जाएगी।

————————

उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामाकंन भरने की प्रक्रिया 12 मई स जारी है। इस चरण की मैनपुरी सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने आज अपना नामांकन किया। उनके नामांकन के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री सहित पार्टी के पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे। नामांकन के बाद जयवीर सिंह ने प्रेसवार्ता में सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार मैनपुरी में कमल खिलेगा और भगवा लहरायेगा।

भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने आज आगरा लोकसभा सुरक्षित सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, कपिल अगवाल सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। वहीं फतेहपुर सीकरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी रामेश्वर चौधरी ने भी नामांकन किया।

उधर, बरेली जिले की आंवला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन किया, उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मौर्य ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिलने का दावा किया।

वहीं बरेली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने भी नामांकन दाखिल किया, उनके साथ प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सरकार ने गरीब, वंचित एवं शोषित वर्ग के कल्याण के लिये अनेक काम किये हैं। उधर, एटा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजवीर ने भी पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे।

वहीं फिरोजाबाद से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अक्षय यादव ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। अक्षय यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि फिरोजाबाद का विकास करने, युवाओं को नौकरी दिलाने के साथ संविधान बचाने के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा द्वारा अभी तक इस सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। वहीं बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने भी आज अपना नामांकन पत्र भरा।

संभल सीट पर पीस पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 राशिद अली ने अपना निर्वाचन पत्र दाखिल किया। इसी चरण में 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जायेंगे।

---

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

---

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम मंदिर में रामलला का पहला जन्मोत्सव बेहद आकर्षक और भव्य होने जा रहा है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। रामनवमी पर श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए ट्रस्ट ने 16, 17 और 18 तीन दिनों के लिए सभी प्रकार के वीआईपी पास निरस्त कर दिय हैं और यदि भीड़ का दबाव रहा तो 19 अप्रैल को भी सभी पास वीआईपी निरस्त कर दिए जाएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी पर श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसकी बेहतर

व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में 80 से अधिक स्थानों पर एलईडो स्क्रीन के माध्यम से कराया जायेगा। श्री राय ने बताया कि रामनवमी पर मंगला आरती के पश्चात ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 3 बजे से अभिषेक, श्रृंगार और दर्शन का कार्यक्रम साथ–साथ चलता रहेगा। श्रृंगार आरती प्रातः 5 बजे होगी।

—————————

श्री राम जन्मभूमि परिसर में भगवान रामलला का मंदिर इस वर्ष के दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर का संपूर्ण परकोटा श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र सहित राम मंदिर से जुड़े सभी कार्य दिसंबर 2024 तक पूरे हो जाएंगे। नृपेन्द्र मिश्र, श्रीराम जन्मोत्सव की व्यवस्था की निगरानी करने अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अयोध्या में रामनवमी मेले के अवसर पर प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन की सरल और सुलभ व्यवस्था की जा जा रही है। बाइट.......

*रामनवमी की व्यवस्था पूरी जिला प्रशासन करता है और वो आश्वस्त है की जो भी आवश्यकताएं राम नवमी के लिए है वो उसकी पूर्ति करेंगे। उनके साथ ही मिलकर के जो हमारे ट्रस्ट के पदाधिकारी लोग है वो देख रहे है व्यवस्था को और सभी लोग आश्वस्त है कि राम नवमी में जो श्रद्धालु आयेंगे उनको सुविधाजनक ढंग से भगवान राम का दर्शन हो सकेगा। विशेष रूप से*

*राम नवमी में आकर्षण भी है। क्योंकि हम लोग प्रयासरत है की सूर्य किरण भगवान के माथे पर बारह बजकर सोलह मिनट के करीब पाँच मिनट के लिए आये और आशीर्वाद प्राप्त करे।*

——————————

चत्र नवरात्र के सातवें दिन आज श्रद्धालु नवदुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालो का विधिवत दर्शन पूजन कर रह हैं। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र के कालिका गली में स्थित कालरात्रि के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं।

उधर, मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे श्रद्धालु माता के दर्शन पूजन कर त्रिकोणीय परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं चत्र नवरात्र मेले में लाखो की संख्या म श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने पहुँचे रहे है। एक रिपोर्ट..

*माँ विंध्यवासिनी के धाम विंध्याचल मे चल रहे चैत्र नवरात्र मेले मे आज बडी संख्या मे श्रद्धालु पहुँचे हुए है। चारो तरफ़ माँ के जय जयकारे की आवाज़ गूँज रही है। मेले मे महिला, पुरूष ,बच्चे वृद्ध सभी माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी कर रहे है। आज रात महानिसा कि पूजा मे हिस्सा लेने के लिये बड़ी संख्या मे साधु और तान्त्रिक रामगया घाट व चीत्वा खोह में इकठ्ठा हैं। अष्टमी तिथि को देखते हुए मेला क्षेत्र मे सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। महानिशा की पूजा के मद्देनजर रामगया घाट व चीत्वा खोह में विशेष सुरक्षा के साथ अलास्का लाइट की व्यवस्था किया गया है। उधर हलिया के शीतला माता मंदिर पर भी दर्शनार्थियों की की भारी भीड़ इकटठा है । एस एम सवा, आकाशवाणी समाचार, विँध्याचल मिर्जापुर।*

——————————

मुजफ्फरनगर के जानसठ थाना क्षेत्र के गांव तालडा में कल एक मकान की छत का लेंटर गिरने से उसके नीचे 21

मजदूर दब गए थे। इनमें से 19 मजदूरों को एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि दो मजदूरों की मौत हो गई। एनडीआरफ ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 11 घंटे का राहत और बचाव चलाया गया।

मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक डी.के. ठाकुर ने बताया कि मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ–एसडीआरएफ समेत कई टीमें लगी थीं। कल शाम शुरू हुए इस अभियान की समाप्ति आज सुबह उस वक्त हुई जब सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया।

(समाप्त)